**अपने रेक्रिएशन अकाउंट की  पुष्टि  करें। अपने निवासी होने के लाभों को कायम रखें**

1 मई से अक्तूबर 2025 तक, ब्रैम्पटन रेक्रिएशन (Brampton Recreation), एक रेज़िडेंसी वेरिफिकेशन प्लान (Residency Verification Plan) लागू कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निवासी के अकाउंट की जानकारी अप टू डेट है और केवल योग्य निवासियों को ही, रेज़िडेंट रेटों और प्रायरिटी रजिस्ट्रेशन समय सीमा से फायदा मिलता रहे। रेज़िडेंसी वेरिफिकेशन, सभी ब्रैम्पटन रेक्रिएशन सेंटरों में उपलब्ध है।

**सत्यापन करना क्यों जरूरी है?**

- रजिस्टर्ड और ड्रॉप-इन (बिना बुक किए) प्रोग्रामों, मेम्बरशिप्स और फैसिलिटी बुकिंग्स के लिए **रेज़िडेंट रेटों** को कायम रखने के लिए।
- निवासी कार्यक्रम की शुरुआत से 25 घंटे पहले ड्रॉप-इन कार्यक्रमों के लिए रजिस्टर  कर सकते हैं। गैर-निवासी कार्यक्रम की शुरुआत से 1 घंटा  पहले रजिस्टर कर सकते हैं।

**आप रेज़िडेंसी का सत्यापन कैसे कर सकते हैं**

1. **सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के किसी रेक्रिएशन केंद्र** में जाएं
2. अपनी अकाउंट जानकारी को प्रमाणित करने के लिए, पहचान और रेज़िडेंसी का कोई स्वीकार्य पेपर साथ लेकर आएं।
3. अपने अकाउंट को अपडेट करने के लिए **ग्राहक सेवा डेस्क** पर अपना पहचान-पत्र दिखाएं

**पहचान का प्रमाण:**

- ड्राइवर्स लाइसेंस या ओनटैरियो फोटो ID कार्ड  (Driver’s License and Ontario Photo ID Card)
- पासपोर्ट
- पर्मानेंट रेज़िडेंट कार्ड (Permanent Resident Card)
- प्रोविंसियल हेल्थ कार्ड (Provincial Health Card) (लाल/सफेद वर्जन स्वीकार नहीं किया जाता)

- कैनेडियन जन्म प्रमाण-पत्र (Canadian Birth Certificate) (केवल तब, यदि वैध फोटो आईडी. के साथ पेश किया जाए)

**ब्रैम्पटन के पते का प्रमाण:**

- ड्राइवर्स लाइसेंस या ओनटैरियो फोटो ID कार्ड (Driver's License and Ontario Photo ID Card)
- यूटिलिटी बिल (टेलिफोन, टीवी. हाईड्रो, गैस या पानी)
- बैंक या क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट
- गवर्नमेंट  बेनिफिटस की स्टेटमेंट (Statement of Government Benefits)
- प्रॉपर्टी टैक्स बिल (Property Tax Bill)
- रेवेन्यू कैनेडा नोटिस ऑफ असेस्मेंट (Revenue Canada Notice of Assessment)

**क्या आपको सहायता चाहिए?**

विवरणों के लिए, brampton.ca/recreation पर जाएं या किसी भी रेक्रिएशन फैसिलिटी में स्टाफ से बात करें।